# दो महीने बाद भी घाटे में चल रही है मेट्रो रेल

**कार्रवाई**

- किराया अधिक और दूरी कम होना बताई जा रही वजह
- मेट्रो रेल प्रबंधन घाटे से उभरने के कर रहा प्रयास
- स्कूल, कॉलेजों, कोचिंग सेंटरों से संपर्क जारी



**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 17 फरवरी. राजधानी भोपाल में मेट्रो रेल का शुभारंभ 21 दिसंबर 2025 को आम जनता के लिए शुरू किया गया था, जिसका संचालन सुभाष नगर से एम्स के बीच हुआ है.**

दोनों स्टेशनों के बीच सात किलोमीटर की दूरी और आठ स्टेशन बनाए गए हैं, जो यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा से सुसज्जित हैं. लगभग दो माह पूर्ण होने वाले हैं. इस बीच लगातार घाटे में रेल का संचालन हो रहा है, उसका कारण किराया अधिक और दूरी कम होना रहा है. हालांकि मेट्रो रेल से यात्रा करने वाले यात्रियों को समय की बचत होती है. खास तौर महिलाओं के लिए यह सुरक्षित है. मेट्रो रेल प्रबंधन घाटे से उभरने और यात्रियों की संख्या में वृद्धि करने के लिए लगातार स्कूल, कॉलेजों, कोचिंग सेंटरों से संपर्क कर यात्रा प्रेरित कर रहा है.

### कम स्टॉप से यात्री बढ़ने की संभावना

मेट्रो रेल को घाटे से उबारने के लिए मुंबई या अन्य शहरों में लोकल और फास्ट ट्रेन का संचालन किया जा रहा है, जिससे वहां पर यात्री दोनों ट्रेनों में यात्रा करते हैं. जिसे जल्द पहुंचना है. वह सुपरफास्ट ट्रेन से यात्रा करता क्योंकि उसके स्टॉप कम रहते हैं. वहीं पेटर्न अगर भोपाल मेट्रो रेल प्रबंधन अपनाता है तो यात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना हो सकती है.

### दूरी कम किराया अधिक

मेट्रो रेल का घाटे में चलने का कारण किराया अधिक होना वहीं दूरी कम है. इस वजह से जनता का मेट्रो से यात्रा करने में रुचि नहीं है. अगर मेट्रो रेल प्रबंधन किराये में कमी करता है तो यात्रियों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है.

### मेट्रो के लिए यह संभव नही

मेट्रो रेल के जनसंपर्क अधिकारी से यात्रियों की संख्या बढ़ाने और एक ट्रेन कम स्टॉप के साथ संचालन करने के सुझाव पर चर्चा हुई. जिस पर उन्होंने कहा कि यह संभव नहीं है. क्योंकि भारत के किसी भी मेट्रो रेल प्रबंधन के द्वारा ऐसा संचालन अभी तक नहीं किया गया है. मेट्रो सभी के लिए सुरक्षित और फास्ट यात्रा के लिए ही संचालित की जा रही है. उन्होंने आगे बताया कि मुंबई और दिल्ली में लोकल ट्रेन चलती है जिनका मेट्रो से कोई संबंध नहीं है. वहां पर मेट्रो का संचालन जिस तरह से किया जा रहा है, उसी तर्ज पर भोपाल में हो रहा है. अभी ट्रेक छोटा है. यह ट्रेक करोंद तक पूरा हो जाएगा, उसके बाद यात्रियों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है.

# मकानों को चिह्नित करने का कार्य होगा शुरू

**जोन प्रभारियों का दो दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण संपन्न**

**जोनवार मकानों को चिह्नित कर एप पर करेंगे अपडेट**

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 17 फरवरी. नगर निगम में जोन प्रभारियों को जनगणना का दो दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को पूरा हो गया. प्रशिक्षण में जोन के मकानों को चिन्हित कर अपडेट करने के लिए पहली बार मोबाइल एप के उपयोग की जानकारी दी गई.**

जिसमें एक चार्ट बनाया जाएगा. उस चार्ट में मकानों को चिन्हित कर जानकारी अपडेट की जाएगी. इस कार्य को सिविल इंजीनियर प्रत्येक मकान पर जाकर करेंगे. जोन स्तर पर सिविल इंजीनियरों की बैठक आगामी दिनों में जल्द की जाएगी. उसके बाद मकानों की गणना का कार्य शुरू होगा. यह कार्य एक मई से पहले पूरा किया जाएगा. बता दें कि 15 वर्ष बाद जनगणना की जा रही है जिसकी शुरुआत एक मई से की जाना सुनिश्चित है.

जनगणना कर्मियों को दिया जाएगा चार्ट

नगर निगम में जोन 11 के प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण मे हमें मकानों को चिन्हित करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया. जिसमें जोन में पदस्थ इंजीनियरों से यह कार्य करवाया जाएगा.

### चार्ट और रजिस्टर दोनों जगह करेंगे अपडेट

सभी जोन प्रभारी इंजीनियरों के साथ एक बैठक करेंगे, जो एक सप्ताह के अंदर हो जाएगी. उनको मकानों को चिन्हित कर मोबाइल एप अपडेट करने की जानकारी दी जाएगी. उसके बाद मकानों की जनगणना का कार्य शुरु किया जाएगा. जो एक मई से पहले पूर्ण करना होगा. उसके बाद चार्ट जनगणना कर्मियों को दिया जाएगा. जो मकान में रहने वाले सदस्यों को चार्ट और रजिस्टर दोनों जगह अपडेट करेंगे.

## एक नजर में

### 118 राजस्व निरीक्षकों को नायब तहसीलदार का दिया प्रभार

**भोपाल.** राजस्व विभाग ने निरीक्षकों को नायब तहसीलदार के पद का प्रभार के लिए आदेश किये गये हैं. यह आदेश मंगलवार की शाम को जारी किए गए. इस आदेश के बाद कई वर्षों से वरिष्ठता वाले निरीक्षकों को इसका लाभ मिलेगा. राजस्व विभाग में वर्षों से पदोन्नति नहीं हुई है. प्रदेश के सभी जिलों में 118 वरिष्ठ राजस्व निरीक्षकों को नायब तहसीलदार के प्रभार का लाभ दिया गया है.

### नगर निगम ने 85 वार्डों में जल सुनवाई की

**भोपाल.** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से 30 से ज्यादा मौतों के बाद भोपाल समेत पूरे प्रदेश में हर मंगलवार को जल सुनवाई हो रही हैं. मंगलवार को भी नगर निगम ने सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक सभी 85 वार्डों में जल सुनवाई की. इस दौरान पानी के कुल 177 सैंपल लिए गए. जिन्हें जांच के लिए 8 लैब में भेजा गया. हालांकि, इनकी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई और न ही पिछले सैंपल की रिपोर्ट निगम ने सार्वजनिक की है. निगम के अनुसार, 13 जनवरी से अब तक हुई जल सुनवाई में झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 4,409 स्थान सहित शहर में कुल 9914 जल के नमूने लेकर 8 परीक्षण शालाओं के माध्यम से जल की गुणवत्ता की जांच कराई. साथ ही 1864 लीकेज सुधारे. निगम अमले ने वर्तमान तक 5749 सीवेज चैंबरों की सफाई कराई.

### महिला कांग्रेस का महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन

**भोपाल.** विधानसभा सत्र के दौरान महिला कांग्रेस ने मंगलवार को भोपाल में महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया. महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेठिया के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर बैठकर थाली बजाई और रोटियां बेलीं. कार्यकर्ताओं ने खाली कड़ाही, चकला, बेलन और गैस सिलेंडर लेकर यह संदेश दिया कि महंगाई के कारण महिलाएं परेशान हैं. हालत यह है कि रसोई का बजट गड़बड़ा गया है. दालें, अनाज, तेल सहित अन्य खाद्य सामग्री महंगी हो गई है. गरीब लोग गैस सिलेंडर नहीं भरवा पा रहे हैं. महिला कांग्रेस ने अपने प्रदर्शन को रसोई सांसद नाम दिया.




## प्रशिक्षु अधिकारियों को किया पुरस्कृत

**भोपाल.** सशस्त्र सीमा बल अकादमी चंदूखेड़ी में मंगलवार को 17वें दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें 28 प्रशिक्षण की विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट रहे सहायक कमांडेंट (चिकित्सक व पशु चिकित्सक) बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को विभिन्न पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया.

# प्रदेश भर में 4 घटनाओं में पुलिस ने बचाई जानें





**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 17 फरवरी. मप्र पुलिस ने विगत पांच दिनों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में हुई चार गंभीर घटनाओं में तत्परता, साहस और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तीन नागरिकों की जान बचाई तथा संभावित बड़े हादसों को टाल दिया.**

पुलिस ने दो जेसीबी मशीनों की मदद से तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाया. एक मजदूर को सीपीआर देकर बचा लिया गया, जबकि दूसरे को मृत अवस्था में निकाला गया. खिलचीपुर में एक किशोरी पुल पार करते समय नदी में गिर गई, जिसे पुलिस व एसडीआरएफ दल ने सुरक्षित बाहर निकाला. वहीं इंदौर के कनाडिया क्षेत्र में टावर से गिरकर घायल हुए व्यक्ति को पुलिस ने तत्काल उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया. अधिकारियों ने कहा कि ये घटनाएं दर्शाती हैं कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में नागरिकों के साथ खड़ी है.

खरगोन जिले के सनावद क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों ने एक व्यक्ति मोटरसाइकिल के पास अचेत अवस्था में पाया गया. पास में एक महिला घबराई हुई खड़ी थी. आरक्षक कृष्ण बिरला ने तुरंत सीपीआर दिया, जबकि प्रधान आरक्षक गंभीर मीणा ने डायल-112 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी. समय पर दी गई जीवनरक्षक सहायता से व्यक्ति की धड़कन सामान्य हुई और उसे अस्पताल पहुंचाया गया.

इसके अलावा राजगढ़ जिले के लीमा चौहान क्षेत्र में ग्रामीण सड़क योजना के तहत नाली निर्माण के दौरान मिट्टी धंसने से दो मजदूर दब गए थे.



# प्रदेश में 16 नकल के प्रकरण मिले

**अंग्रेजी पेपर की तस्वीर वायरल होने से हड़कंप, शिक्षिका सस्पेंड**

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 17 फरवरी. माध्यमिक शिक्षा मंडल की मंगलवार को हाईस्कूल की अंग्रेजी और हायर सेकंडरी की ड्राइंग और डिजाइन की परीक्षा प्रदेशभर में हुई.**

हालांकि हाईस्कूल परीक्षा में मुरैना में 3, भिंड में 1, शाजापुर में 1, भोपाल में 2 और सिवनी में 1 सहित कुल 8 नकल प्रकरण दर्ज किए गए. हायर सेकंडरी में कोई मामला सामने नहीं आया. लेकिन बोर्ड परीक्षाओं के बीच सख्ती और सतर्कता के दावों पर बुरहानपुर की घटना ने सवाल खड़े कर दिए हैं. 10वीं के अंग्रेजी प्रश्नपत्र की फोटो परीक्षा शुरू होते ही व्हॉट्सएप स्टेट्स पर डालने का मामला सामने आया है. एक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी दे रहीं प्राथमिक शिक्षिका राजकुमारी सोनी ने सुबह 9:06 बजे एक अनुपस्थित छात्र की डेस्क से प्रश्नपत्र की फोटो खींची और 9:35 बजे उसे स्टेट्स पर साझा कर दिया.

पूछताछ में उसने फोटो दूसरे व्यक्ति को भेजकर हल कराने और नकल में उपयोग की मंशा भी स्वीकार कर ली है. कलेक्टर हर्ष सिंह और जिला पंचायत सीईओ सृजन वर्मा ने मौके पर पहुंचकर जांच की. जिसके बाद अपर कलेक्टर वीर सिंह चौहान ने शिक्षिका को निलंबित कर केंद्र अध्यक्ष को बदल दिया गया है. वहीं की तरफ से प्रशासन ने प्रश्नपत्र लीक होने से इनकार दिया गया है.

### नकल रोकने वाले प्रावधान की उड़ीं धज्जियां

नकल रोकने के लिए मोबाइल प्रतिबंध, ऑनलाइन रैंडम ड्यूटी और विशेष निगरानी जैसे कड़े प्रावधान लागू हैं, लेकिन बुरहानपुर की घटना ने व्यवस्था की विश्वसनीयता पर नया प्रश्नचिह्न लगा दिया है. जिसके बाद अब प्रदेश भर में बोर्ड परीक्षा के दौरान होने वाली ऐसी लापरवाही को लेकर प्रसाशन की चिंता बढ़ गई है. हालांकि मंडल की ओर से स्पष्ट किया गया है सभी परीक्षायें नियमात्मक और व्यवस्थित रूप से चल रहीं हैं.

# अधिकारियों ने सुनीं आवेदकों की समस्याएं

### 133 आवेदन आए

**भोपाल, 17 फरवरी. कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत मती इला तिवारी, एडीएम प्रकाश नायक ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं.**

इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया. जनसुनवाई में आए नागरिकों से 133 आवेदन प्राप्त हुए. इस मौके पर एसडीएम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. सीईओ जिला पंचायत मती इला तिवारी, एडीएम नायक ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया. उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए. उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए.



# अधिकारियों का दो दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण आज से

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 17 फरवरी. जिले में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारियों का जनगणना प्रशिक्षण आज 18 फरवरी से आयोजित किया जा रहा है जो दिन तक जारी रहेगा. यह सुबह कार्यालय समय से प्रारंभ होकर शाम तक निरंतर जारी रहेगा.**

इस प्रशिक्षण में निगमायुक्त एवं नगर जिला जनगणना अधिकारी संस्कृति जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भोपाल एवं अतिरिक्त प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी ईला तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी, तहसील हुजूर अनुविभागीय जनगणना अधिकारी विनोद सोनकिया, अनुविभागीय अधिकारी, तहसील कौलार, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी पी.सी. पाण्डेय, संयुक्त संचालक, संभागीय योजना एवं जिला सांख्यिकी अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी प्रेमा खाखा, जिला जनसम्पर्क अधिकारी एवं 12. अरूण शर्मा, तहसीलदार आदि जनगणना प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे.

### प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना पंजीयन कराएं

**भोपाल.** श्रम विभाग द्वारा असंगठित श्रमिकों के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के लिए पंजीयन शुरू हो गया है. इस योजना का लाभ 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिक ही ले सकेंगे. उनकी आय 15 हजार रुपए मासिक से कम होना चाहिए. साथ ही उनका पीएफ, ईएसआईसी या एनपीएस में नाम नहीं होना चाहिए. इस योजना में पंजीयन के लिए न्यूनतम 55 रुपए और अधिकतम 200 रुपए की राशि रखी गई.इतनी ही राशि भारत सरकार के द्वारा संबंधित के खाते में जमा किए जाएंगे. यह योजना श्रमिकों को 60 वर्ष की उम्र के बाद प्रतिमाह 3 हजार रुपए पेंशन के रुप में मिलेंगे जो उनके बुढापे का सहारा होंगे.


# नए निगम मुख्यालय में पांच विभाग हुए शिफ्ट

- चौथी मंजिल पर हैं सीवेज, जलकार्य, कंप्यूटर विभाग
- फाइलों को व्यवस्थित कर रहे हैं कर्मचारी

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 17 फरवरी. नगर निगम के नए मुख्यालय में विभाग पहुंचना शुरू हो गए हैं, जिसमें विद्युत, सीवेज, जलकार्य, हाउस फॉर आल, कंप्यूटर शाखा पूरी तरह से पहुंच चुकी है.**

इनकी फाइलें और कंप्यूटर को संबंधित टेबलों पर रखना शुरू हो गया है. नगर निगम में पदस्थ अतिरिक्त कमिश्नर आईएएस तन्मय वशिष्ठ शर्मा नए कार्यालय में कार्य भी करने लगे हैं. उनके पास जितने विभाग हैं, सभी की फाइलें पहुंच गईं हैं. निगम के जो विभाग नए मुख्यालय भवन में शिफ्ट हुए हैं, उनमें चौथी मंजिल पर सीवेज, जलकार्य, हाउस फॉर ऑल, कंप्यूटर शाखा और सातवीं मंजिल पर विद्युत शाखा को जगह दी गई है.



### रिकॉर्ड शाखा में रहेंगी पुरानी फाइलें

प्राप्त जानकारी के अनुसार आईएसबीटी कार्यालय से सभी विभाग जल्द ही नए मुख्यालय में शिफ्ट हो जाएंगे. वहां से आवश्यक फाइलें ही लाई जा रही हैं. जिन फाइलों की आगे कभी आवश्यकता नहीं पड़नी है या जो 20 से 25 साल पुरानी हैं, उनको रिकॉर्ड रुम सुरक्षित रखा जाएगा.

**बैठक** | प्रबंध संचालक ने गुना वृत्त की विद्युत आपूर्ति एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा

# आरोपियों को नोटिस देकर प्रकरण सुलझाने करें प्रेरित

**भोपाल/ गुना 17 फरवरी. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने गुना वृत्त में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि बिजली के अवैध एवं अनधिकृत उपयोग के आरोपियों को नोटिस देकर आगामी 14 मार्च 2026 को लगने वाली लोक अदालत में लंबित प्रकरणों को सुलझाने के लिए प्रेरित करें.**


गर्ग ने बताया कि कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करें.



गौरतलब है कि नेशनल लोक अदालत में धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के बनाए गए कंपनी में लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी.

यह छूट मात्र नेशनल ''लोक अदालत'' 14 मार्च 2026 को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी. प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग गुना जिले की विद्युत आपूर्ति और विभागीय कार्यों को लेकर गुना वृत्त में आयोजित समीक्षा बैठक को सबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (ग्वालियर क्षेत्र) विनोद कटारे, गुना वृत्त के महाप्रबंधक अशोक कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) अभिषेक मार्तण्ड, महाप्रबंधक (स्काडा) रामेश्वर चतुर्वेदी, सभी उप महाप्रबंधक, प्रबंधक एवं जूनियर इंजीनियर मौजूद थे. समीक्षा बैठक में प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने समाधान योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि फिलहाल समाधान योजना 2025-26 का दूसरा चरण जो कि 28 फरवरी तक चलेगा, इस अवधि में उपभोक्ता जागरूकता अभियान चलाकर पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाएं. गर्ग ने कहा कि चालू फरवरी माह एवं मार्च माह में सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों (एटीएण्डसी) को कम करने के लिए विक्रित यूनिट को बढ़ाया जाए तथा लक्ष्य के अनुसार राजस्व संग्रहण हेतु सघनता के साथ वसूली अभियान चलाया जाए.

# उपभोक्ताओं को निर्बाध सेवा देने कंपनी कृतसंकल्पित



**भोपाल 17 फरवरी. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) डॉ. राकेश शर्मा ने गोविंदपुरा स्थित कॉल सेंटर एवं पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर का निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉल सेंटर में उपभोक्ताओं द्वारा की जाने वाली शिकायतों व आने वाली कॉल पर कंपनी द्वारा की जाने वाली कार्रवाई की समीक्षा की. इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) डॉ. राकेश शर्मा को जानकारी दी कि कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा में वृद्धि तथा शिकायतों के पारदर्शी एवं त्वरित निराकरण हेतु 1912 कॉल सेन्टर सेवाओं का विस्तार किया गया है जो कि जिला एवं संभागीय मुख्यालयों के अतिरिक्त 15 नवीन 24 ×7 निम्नदाब एफओसी टीमों का संचालन किया जा रहा है. कंपनी के केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर द्वारा शिकायत दर्ज करने विभिन्न माध्यमों जैसे आई.व्ही.आर. तकनीक, वॉयस बोट, व्हाट्सएप चेटबोट तथा उपाय एप की सतत् मॉनीटरिंग के परिणामस्वरूप माह दिसंबर 2025 तक निम्नदाब उपभोक्ताओं की 13 लाख 12 हजार से अधिक एवं उच्चदाब उपभोक्ताओं की 1 हजार 500 से अधिक विद्युत प्रदाय संबंधी शिकायतों को सफलतापूर्वक दर्ज कर निराकृत किया गया है.

केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-2026 में प्रतिदिन 500 उपभोक्ताओं का फीडबैक लेते हुए कुल 1 लाख 37 हजार उपभोक्ताओं से फीडबैक लिया गया जिसका संतुष्टि प्रतिशत 99.9 प्रतिशत रहा है. इस अवसर निदेशक (पीडीटीसी) अनिल कुमार खत्री, वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी, उपमहाप्रबंधक (मा.सं) निशा कुमार, उपमहाप्रबंधक (वित्त) संकल्प दिवाकर, वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी राजेश यादव भी मौजूद थे.